<u>**प्रेस नोट दिनांक 22.02.2025**</u>

<u>**थाना प्रेमनगर जनपद बरेली।**</u>

<u>**थाना प्रेमनगर बरेली पुलिस द्वारा ए0टी0एम के पार्ट चोरी करने वाले शातिर चोर को किया गया गिरफ्तार।**</u>




दिनांक 20.02.25 को आवेदक अभिषेक (पद एसोसिएट) बैंक ऑफ बड़ौदा नगर निगम जोनल ऑफिस के सामने धर्मदत्त चौराहा नियर धर्मकांटा प्रेमनगर बरेली की लिखित तहरीर में अंकित आरोपो/तथ्यों बाबत एक अनजान व्यक्ति द्वारा एटीएम (बैंक आफ बड़ौदा) नगर निगम जोनल ऑफिस के सामने धर्मदत्त चौराहा नियर धर्मकांटा प्रेमनगर बरेली में घुस कर पैसे चोरी करने के उद्देश्य से एटीएम तोड़कर एटीएम के पार्ट चोरी करने के संबंध में थाना प्रेमनगर बरेली पर मु0अ0सं0 0067/2025 धारा 305 बी0एन0एस0 बनाम अज्ञात पंजीकृत हुआ।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक प्रेमनगर के नेतृत्व में थाना प्रेमनगर पुलिस टीम द्वारा थाना प्रेमनगर पर पंजीकृत ए0टी0एम0 के पार्ट चोरी के उपरोक्त अभियोग का मात्र 24 घण्टे में अनावरण करते हुए दिनांक 21.02.2025 को अभियुक्त मानवेंद्र सिंह पुत्र ओमपाल सिंह निवासी कल्याणपुर बन्थरा थाना तिलहर जिला शाहजहाँपुर उम्र करीब 28 वर्ष को समय 20.05 बजे धर्मकांटा के आगे पुरानी रेलवे लाइन के किनारे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक ए0टी0एम0 कवर व एक पार्ट मशीन सफेद रंग व दो मैगनेट काले रंग, एक एटीएम मशीन की पैड जिसमें दो बैट्री डियूरा सैल बरामद हुयी। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बी0एन0एस0 की वृद्धि की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्वयाही की गयी।

<u>**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त -**</u>

मानवेंद्र सिंह पुत्र ओमपाल सिंह निवासी कल्याणपुर बन्थरा थाना तिलहर शाहजहाँपुर उम्र करीब 28 वर्ष

**पंजीकृत अभियोग-**

मु0अ0सं0 067/2025 धारा 305 बी0एन0एस0 थाना प्रेमनगर, बरेली।

<u>**बरामदगी -**</u>

एक ए0टी0एम0 कवर, एक पार्ट मशीन सफेद रंग, दो मैगनेट काले रंग एवं एक एटीएम मशीन की पैड जिसमें दो बैट्री डियूरा सैल

<u>**पुलिस टीम**</u>**-**

1. श्री आशुतोष रघुवंशी, प्रभारी निरीक्षक थाना प्रेमनगर बरेली।
2. उ0नि0 मौ0 सरताज, चौकी प्रभारी कानूनगोयान
3. का0 243 अनित, थाना प्रेमनगर बरेली।
4. का0 188 अमरीश, थाना प्रेमनगर बरेली।